रोजगार एवं उद्यमिता परामर्श प्रकोष्ठ

शिक्षा के माध्यम से छात्राएं उचित रोजगार प्राप्त कर स्वालम्बी बनें, वे अपना जीवन स्तर बेहतर बना सकें इस उद्देश्य से महाविद्यालय के रोजगार एवं उद्यमिता परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के लिए वर्षपर्यन्त विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। ये सभी गतिविधियाँ समिति प्रभारी डॉ. अशोक सोनी एवं सदस्य डॉ. बिन्दु कटारिया, डॉ. शुभ्रा तिवारी, डॉ. भवशेखर, डॉ. साक्षी चौहान के सक्रिय सहयोग से आयोजित की गई।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, उदयपुर, शाखा में अंशकालिक प्रशिक्षण हेतु छात्राओं को अवसर दिया गया।

बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए प्रतिष्ठित कम्पनी TCS द्वारा निःशुल्क रोजगार क्षमता प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया। जिसमें छात्राओं को निजी क्षेत्र में श्रेष्ठ रोजगार प्राप्त करने हेतु तैयारी करवाई गई और रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करवाए जाने का आश्वासन दिया गया।

दिनांक 30.11.2022 को सांयकाल महाविद्यालय के सामान्य छात्रावास के हॉल में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. कुसुम चंद्रायन द्वारा छात्राओं को न्ैछ परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी दी गई जिसमें महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राएं उपस्थित रहीं।

दिनांक 10.12.2022 को छात्राओं के कैरियर काउंसलिंग हेतु पैसेफिक इस्टिटयूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की डॉ. मेहन्दी शर्मा द्वारा पर्यटन एवं होटल उद्योग में रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई।

दिनांक 4 व 5 जनवरी 2023 को राजस्थान सरकार द्वारा मेगा जॉब फेयर रेलवे ट्रैनिंग ग्राउंड सुखाड़िया सर्कल के पास उदयपुर में आयोजित हुआ जिसमें महाविद्यालय की 31 से ज्यादा छात्राओं ने पंजीकरण करवाया और 15 छात्राओं में विभिन्न कम्पनियों में साक्षात्कार दिए ।

Kaivalya Educations Foundations मिशन बुनियाद में राजस्थान में रहने वाली छात्राएं जिनकी उम्र 21–40 वर्ष के मध्य हो एवं पारिवारिक आय 3 लाख प्रति वर्ष से कम हो उनके लिए फैलोशिप कार्यक्रम के नये बैच के आवेदन 20 जनवरी 2023 तक ऑनलाइन माध्यम से मांगे गए।

Kumar Arch Tech Pvt. स्जक द्वारा उदयपुर कार्यालय में मार्केटिंग, फाइनेंस, हयूमन रिसोर्स आदि शाखाओं में रोजगार हेतु महाविद्यालय में एक कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. अशोक सोनी द्वारा व्हाट्सएप 'रोजगार प्रकोष्ठ 2022–23' बनाया गया है। जिसमें छात्राओं को रोजगार समाचार, प्रतियोगिता दर्पण आदि की PDF प्रति शेयर की जाती है। साथ ही रोजगार हेतु जानकारी भी समय समय पर दी जाती है।